卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 355 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦3 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## ‘बाबा जी’ ने लाखों की संगत को दिये दर्शन

### राधा स्वामी सत्संग में उमड़ा सैलाब, कल प्रवचन करेंगे बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लो

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राधा स्वामी सत्संग व्यास के डेरा प्रमुख बाबा श्री गुरिंदर सिंह ढिल्लो ने मंगलवार को किच्छा रोड स्थित सत्संग हाल में जुटी लाखों की संगत को दर्शन देकर निहाल किया। उन्होंने सत्संग हॉल में कुछ बच्चों के साथ संवाद करते हुए उनके सवालों के जवाब भी दिये। किच्छा रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग घर में दो दिवसीय विशाल सत्संग आज से शुरू हो गया। सत्संग के लिए बीते कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। सत्संग के लिए देश भर के विभिन्न राज्यों से संगत के आने का सिलसिला कल से ही शुरू हो गया था। आज सुबह तक लाखों की संख्या में श्रद्धालु सत्संग घर पहुंच चुके थे। वहीं सत्संग के लिए राधा स्वामी सत्संग डेरा व्यास के डेरा प्रमुख बाबा श्री गुरिंदर सिंह ढिल्लो जी भी अपने तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार शाम को निजी विमान से पंतनगर पहुंचे। पंतनगर से वे किच्छा रोड स्थित सत्संग घर पहुंचे। रात्रि विश्राम उन्होंने सत्संग घर में ही किया। बाबा जी ने मंगलवार सुबह सत्संग स्टेज पर पहुंचकर पंडाल में बड़ी संख्या में मौजूद संगत को दर्शन देकर निहाल किया। इस दौरान उन्होंने कुछ बच्चों के साथ संवाद किया और उनके प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत किया। उन्होंने बच्चों को नाम की कमाई करने की सीख दी। सत्संग में आज बाबा जी के साथ मौजूद परिचर ने सत्संग करते हुए सत्संग का महत्व बताया और गुरू एवं नाम की महिमा का बखान किया। इसके पश्चात बाबा जी ने खुली जीप में सवार होकर पूरे सत्संग परिसर में भ्रमण करते हुए लाखों की संगत को दर्शन दिये। बाबा जी कल बुधवार को सुबह 9.30 बजे प्रवचन करेंगे। सत्संग के लिए राधा स्वामी सत्संग से जुड़े हजारों सेवादार व्यवस्थाओं में मुस्तैदी से जुटे हैं। खटीमा से लेकर काशीपुर तक हाईवे पर यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में सेवादार दिन रात जुटे हुए हैं। बाहर से आने वाले अनुयायियों को सत्संग स्थल पहुंचने में कोई दिक्कत न हो। इसका खास ध्यान रखा जा रहा है। सेवादारों के साथ ही पुलिस प्रशासन व्यवस्थाएं संभालने में जुटा है। भारी संख्या में संगत के आगमन को देखते हुए (शेष पृष्ठ सात पर)



## घर में भड़की आग,पिता और तीन बेटियां झुलसी

देहरादून (उद संवाददाता)। एक घर में भोजन बनाने के दौरान सिलिंडर में आग लग गई। आग बुझाने के दौरान पिता और उनकी तीन बेटियां झुलस गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। अग्नि काण्ड से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। उत्तर प्रदेश के पीली भीत के बिलसंडा निवासी जाहिद खान विकास नगर क्षेत्र के जमनपुर में परिवार के साथ किराए के मकान में रहते हैं। मंगलवार सुबह जाहिद, उनकी पत्नी 40 वर्षीय अमाना बेगम और बड़ी बेटी 25 वर्षीय रेहाना के साथ फैक्टरी में काम पर जाने की तैयारी कर रहे थे। उनकी छोटी बेटी 13 वर्षीय मुस्कान और 15 वर्षीय सुवालिया नाश्ता बना रहे थे। जैसे ही उन्होंने चूल्हे को जलाने के लिए लाइटर का बटन दबाया, अचानक चूल्हे से भयंकर आग की लपटें उठीं और दोनों झुलस गई। बेटियों को बचाने के प्रयास में जाहिद भी बुरी तरह से झुलस गए। अमाना और जाहिद का बेटा 13 वर्षीय सोहेल घर से बाहर निकल गए। इस दौरान बड़ी बेटी रेहाना पिता और दोनों छोटी बहनों को बाथरूम में ले गई और उन पर पानी डाला। उसके बाद बचाव के लिए बाथरूम को अंदर से बंद कर लिया। घर से आग की लपटें उठती देख आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर दमकल कर्मी और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने परिवार के चार सदस्यों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। चारों को उपचार के लिए देहरादून के कोरोनेशन अस्पताल भिजवाया गया। आग पर काबू पाने में करीब पौना घंटा लगा, तब तक घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण सिलिंडर में लीकेज माना जा रहा है।



## कलेक्ट्रेट में फंदे से लटका मिला कनिष्ठ सहायक

हरिद्वार(उद संवाददाता)। रोशनाबाद स्थित कलेक्ट्रेट भवन में कनिष्ठ सहायक ने कार्यालय में ही संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को ही बताया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रावली महदूद थाना सिडकुल निवासी 28 वर्षीय कमल कुमार पुत्र परागीलाल निवासी कलेक्ट्रेट भवन में आरटीआई अनुभाग में कनिष्ठ सहायक (सूचना सहायक) के पद पर तैनात था। मृतक आश्रित के तौर पर वह विभाग में भर्ती हुआ था। सोमवार को सभी अधिकारी कर्मचारी छुट्टी के बाद कार्यालय से निकल गए थे, जबकि कुछ कर्मचारी कार्यालय में ही थे। इस बीच कार्यालय के कमरा नंबर 222 में कमल ने अंदर से कुंडी बंद कर ली। कर्मचारियों ने अनहोनी की आशंका होने के चलते पहले दरवाजा खटखटाया। जब कोई आहट नहीं हुई तो मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सोमवार की रात करीब साढ़े 11 बजे पुलिस को सूचना मिली। जिस पर (शेष पृष्ठ सात पर)





## कार खाई में गिरने से युवक की मौत

चंपावत(उद ब्यूरो)। स्वाला के पास एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने बमुश्किल खाई में उतरकर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार चलथी से चंपावत की ओर आ रही कार संख्या यूके 03-टीए 9777 स्वाला के पास सोमवार देर रात अनियंत्रित होकर करीब 60 मीटर खाई में गिर गयी। जिसकी जानकारी मिलने के बाद जिला नियंत्रण कक्ष चंपावत से सूचना एसडीआरएफ टीम को दी गयी। एसडीआरएफ ने सूचना मिलने के बाद तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस के साथ खाई में उतरकर वाहन तक पहुंच बनायी और कार चालक 45 वर्षीय संजय खर्कवाल पुत्र लक्ष्मी दत्त खर्कवाल, निवासी आरा मशीन के पास लोहाघाट को स्ट्रेचर की मदद से खाई से बाहर निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल चंपावत पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

## रोडवेज बस चालक सहित तीन नशा तस्कर दबोचे

### एएनटीएफ ने किया लाखों की अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एएनटीएफ की टीम ने चैकिंग के दौरान रोडवेज के बस चालक सहित तीन नशा तस्करों को लाखों कीमत की अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया । मामले का खुलासा करते हुए सीओ एसटीएफ कुमाऊँ सुमित पांडे ने बताया कि राज्य में बढ़ते नशे की प्रवृति की रोकथाम हेतु मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत एवं पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अशोक कुमार के दिशा निर्देशन पर एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा ड्रग डीलरों के विरुद्ध कार्यवाही के आदेश के क्रम में उनके साथ प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ पावन स्वरुप के नेतृत्व में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा 3 अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करों को दो मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 521 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गयी। जिसकी कीमत करीब 55 लाख बताई जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तियों ने पूछताछ में बताया गया कि वह यह स्मैक रामपुर जनपद में यूपी पुलिस में तैनात कर्मी से लेकर आए हैं । जिसने उनको यह स्मैक रुद्रपुर में इंदिरा चौक के पास किसी व्यक्ति को देनी को कहा था। यूपी पुलिस में नियुक्त आरक्षी द्वारा उन्हें बताया था कि इंदिरा चौक पहुंचकर फोन करना वह बतायेगा कि किसको स्मैक देनी है । उन्होंने बताया कि टीम द्वारा तीनों तस्करों को इंदिरा चौक से पहले ही एएन झा इंटर कॉलेज के पास गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पकड़े गये नशा (शेष पृष्ठ सात पर)



## दो दुकान और दो घरों से चोरों ने उड़ाया लाखों का सामान

किच्छा(उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने पुलिस को एक बार फिर चुनौती देते हुए दो घरों और दो दुकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपए का सामान उड़ा लिया। एक साथ चोरी की घटनाओं से हड़कम्प मचा है। वहीं सूचना पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाबी मोहल्ले में गत रात्रि चोरों ने धारा बोलकर दो घरों से नगदी और कीमती सामान सहित मोबाइल उड़ा लिए। इसके अलावा कोतवाली के ठीक सामने रेलवे मार्केट पर भी अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दो दुकानों के टीनों उखाड़ कर लगभग एक लाख रूपए मूल्य का समान उड़ा लिया। पंजाबी मोहल्ले में धर्मवीर चौहान एवं प्रीति देवी के घर को चोरों द्वारा निशाना बनाया गया। जबकि रेलवे मार्केट में शाहब आलम की रेडिमेड, सोनू की किराने की दुकान पर चोरों ने सेंध लगाई है। एक साथ ही चार घटनाओं से क्षेत्र में हड़कम्प मचा है। वहीं सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## बदरीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचे क्रिकेटर ऋषभ पंत

देहरादून (उद संवाददाता) । हादसे में घायल होने के दस महीने बाद क्रिकेटर ऋषभ पंत स्वस्थ होकर मंगलवार को खानपुर विधायक उमेश कुमार के साथ धार्मिक यात्रा पर निकले। सुबह दोनों देहरादून हेलीपैड से केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए। इसके बाद पहले वे बदरीनाथ धाम के दर्शन के लिए गए। वहां तीर्थ पुरोहितों ने उनका स्वागत किया और पूजा(शेष पृष्ठ सात पर)



## स्टडी वीजा बनाने के नाम पर 22 लाख हड़पे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कनाडा के लिए स्टडी वीजा बनाने के नाम पर दो लोगों द्वारा एक व्यक्ति से 22 लाख रुपए हड़प लेने का मामला प्रकाश में आया है। इतना ही नहीं छात्र की ओरिजनल फाइल में फर्जी पेपर लगाकर छात्र को कनाडा भी भेज दिया गया। जहां उसका एडमिशन नहीं हुआ। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट दर्ज में कुलदीप सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम छिनकी किच्छा ने कहा है कि उसने भाई गुरजीत सिंह का कनाडा स्टडी वीजा लगवाने के लिये जसपाल सिंह पुत्र सुखविन्दर निवासी सिसईया सितारगंज व जितेन्द्र सिह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी भोलापुर बिलासपुर जिला रामपुर साझीदार फर्म क्रास वाये रूद्रपुर ने बाईस लाख रुपए नकद व खाते मे उससे लिया। हमारी फाईल ओरिजनल थी परन्तु इन लोगो फर्जी पेपर लगाकर (शेष पृष्ठ सात पर)

# पिथौरागढ़ में होगी पीएम मोदी की जनसभा



## कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को स्वागत कार्यक्रम प्रभारी और बलवंत सिंह भौंर्याल को सौंपी संयोजक की जिम्मेदारी



देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 व 12 अक्टूबर को पिथौरागढ़ के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए धामी सरकार तैयारियों में जुट गई है। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रधानमंत्री की पिथौरागढ़ में होने वाली जनसभा के दृष्टिगत पार्टी ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को प्रभारी और पूर्व मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत सिंह भौंर्याल को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रधानमंत्री मोदी का 11 अक्टूबर को पिथौरागढ़ जिले के अंतर्गत नारायण आश्रम पहुंचने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। अगले दिन वह चीन सीमा से सटी आइटीबीपी की चेकपोस्ट में जवानों के साथ कुछ समय बिताने के साथ ही वहां से कैलाश मानसरोवर के दर्शन भी कर सकते हैं। इसके बाद उनका पिथौरागढ़ में सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों के निवासियों से संवाद और जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। हांलाकि प्रधानमंत्री का आधिकारिक कार्यक्रम मिलना अभी बाकी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पिथौरागढ़ में प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों व जनसभा के दृष्टिगत प्रभारी की जिम्मेदारी कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को सौंपी है। वह प्रधानमंत्री के इस प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत से लेकर संगठन की भूमिका वाली तमाम गतिविधियों और जनसभा के मद्देनजर समन्वय करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के समस्त कार्यक्रमों के लिए संयोजक का जिम्मा पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौंर्याल को सौंपा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। प्रधानमंत्री के रूप में वह न केवल सर्वाधिक बार उत्तराखंड आए हैं, बल्कि यहां के विकास के लिए सर्वकालिक सर्वाधिक योजनाएं व मदद भी पहुंचाई है। राज्य में ढाई लाख करोड़ की योजनाएं केंद्र के सहयोग से संचालित हो रही हैं। इसके बूते राज्य में सड़क, रेल व हवाई सेवा में आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है।धार्मिक, पौराणिक व सांस्कृतिक पहचान के स्थलोंको भव्य स्वरूप देकर पर्यटन की संभावनाओंको नए आयाम दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का आना, राज्य के सवा करोड़ निवासियों के लिए अपने संरक्षक के आने जैसा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री का यह दौरा भी राज्य के विकास के लिए नई सौगात देने वाला होगा।

## कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और सतपाल महाराज पिथौरागढ पहुंचे,तैयारियों का लिया जायजा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश के कृषि एवं कृषि कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास विभाग मंत्री गणेश जोशी तथा प्रदेश के लोक निर्माण विभाग, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण एवं सतपाल महाराज पिथौरागढ़ स्थित पुलिस लाइन हैलीपैड पर हेलीकॉप्टर से पहुंचे जहां पर जिलाधिकारी रीना जोशी एवं एसपी लोकेश्वर सिंह सहित गणमान्य व्यक्तियों व अन्य अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके उपरांत मंत्री गणेश जोशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित जनसभा स्थल आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जायें तथा तैयारियों में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं रहनी चाहिये। मंत्री सतपाल महाराज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनपद के प्रस्तावित भ्रमण स्थल ओम पर्वत, आदि कैलाश



निर्माण, संस्कृति, जलागम प्रबंधन एवं भारत नेपाल उत्तराखंड नदी परियोजना मंत्री सतपाल महाराज ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने जनपद भ्रमण पर एक साथ पहुंचे। मंत्री गणेश जोशी पिथोरागढ़ स्थित एसएस वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे तथा जनसभा स्थल पर हो रही सभी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जिलाधिकारी से प्रवेश द्वार, पण्डाल स्थल, टेण्ट, पेयजल, शौचालय पर्वत क्षेत्र के निरीक्षण हेतु पुलिस लाइन से हैली कॉप्टर द्वारा रवाना हो गये। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, डीएम रीना जोशी, एसपी लोकेश्वर सिंह, विधायक बिशन सिंह चुफाल, गिरीश जोशी आदि उपस्थित थे।

## चंपावत में प्रधानमंत्री मोदी के रात्रि विश्राम की व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी ने जायजा लिया

चंपावत(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। संभावना जताई जा रही है पीएम लोहाघाट स्थित अद्वैत आश्रम मायावती में भी कुछ समय गुजारेंगे। जिसे लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी ने मायावती आश्रम पहुंचकर आश्रम के अध्यक्ष के साथ वार्ता की। बीते रविवार को चंपावत के जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने आला अधिकारियों के साथ मायावती आश्रम एवं लोहाघाट क्षेत्र का भ्रमण कर विभागों की ओर से की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को लोहाघाट से मायावती तक सड़क सुधारीकरण का कार्य, क्रश बैरियर लगाने, पेंटिंग, नाली का निर्माण, सड़क किनारे पेड़ों में पेंटिंग, जगह-जगह रिफ्लेक्टर लगाने के साथ ही संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद जिलाधिकारी ने मायावती आश्रम के अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद महाराज से आश्रम में प्रधानमंत्री के संभावित दौरे को लेकर चर्चा की। इसके अलावा जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। डीएम ने लोहाघाट के ऋषेश्वर मंदिर से पाटन पुल तक राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत चोक नालियों को खोलने, दीवारों एवं पैराफिट पर पेंटिंग का कार्य करने और क्षतिग्रस्त पिलरों को सही करने के निर्देश दिए।



## राज्य स्थापना दिवस तक सभी को मिलेगा आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी : धन सिंह

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस तक प्रत्येक व्यक्ति को आयुष्मान कवच मिले जाएगा। आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती पर प्रदेशभर की ग्राम पंचायतों एवं शहरी वार्डों में आयुष्मान सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान आम लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुष्मान कार्ड व आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) वितरित की गई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून नगर निगम के अंतर्गत माजरा वार्ड के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी वितरित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य स्थापना दिवस तक उत्तराखंड के प्रत्येक व्यक्ति को आयुष्मान का कवच उपलब्ध कराना है। जिसके लिए पांच वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जबकि शत-प्रतिशत लोगों की आभा आईडी बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अन्य विभागों के सहयोग से जनपद देहरादून में आयोजित आयुष्मान भव अभियान के तहत किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जनपद देहरादून आयुष्मान कार्ड व आभा आईडी बनाने से लेकर स्वैच्छिक रत्तदान और अंगदान में भी अन्य जनपदों की अपेक्षा अव्वल रहा है। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों, आशाओं एवं जनपद वासियों की सराहना की। डॉ. रावत ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने अन्य रेखीय विभागों पंचायतीराज, शहरी विकास, महिला एवं बाल विकास, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण व स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, आंगनबाड़ी केंद्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान सभाओं का आयोजन किया, जहां पर चिकित्सकों के साथ ही सीएचओ एवं एनएएम ने उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सिकल सेल एनीमिया सहित विभिन्न गैर संचारी रोगों की जांच के साथ ही नियमित टीकाकरण एवं विभागीय योजनाओं के संबंध में आम लोगों को जागरूक किया गया। माजरा में आयोजित आयुष्मान सभा में सीएमओ देहरादून डॉ. संजय जैन ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत चलाए गए अभियान की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विभाग की कोशिश है कि देहरादून जनपद से प्रथम आयुष्मान ग्राम व आयुष्मान शहरी वार्ड बने। इस दौरान विधायक विनोद चमोली, क्षेत्रीय पार्षद सतीश कश्यप, आकांश एवं चित्रांश फेडरेशन के प्रतिनिधि, डॉ. निधि रावत, डॉ. वंदना सेमवाल, डॉ. प्रताप रावत, राकेश बिष्ट, लक्ष्मण रावत, अर्चना उनियाल, नीतू वालिय, दिनेश पांडेय सहित जिला स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 7829 आयुष्मान सभा का आयोजन किया

देहरादून। प्रदेश में 7829 आयुष्मान सभाओं का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में 7116 व शहरी वार्डों में 313 सभाएं की गई। अल्मोड़ा जिले में सर्वाधिक 1143 सभाएं हुई। इसके अलावा टिहरी में 1014, पौड़ी गढ़वाल में 876, नैनीताल में 785, ऊधमसिंह नगर में 734, चमोली में 624, उत्तरकाशी में 623, पिथौरागढ़ में 570, बागेश्वर में 451, चंपावत में 359, रूद्रप्रयाग में 319, देहरादून में 202 व हरिद्वार में 129 सभाओं का आयोजन किया गया।

## जागेश्वर धाम में संभावित दौरे के लिए शौकियाथल हैलीपैड में उतरेगा एमआई हेलीकॉप्टर

अल्मोड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में पूजा-अर्चना के लिए संभावित दौरे को देखते हुए अल्मोड़ा जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। पीएम के हेलीकॉप्टर को उतारने के लिए हेलीपैड की तलाश की जा रही है। इन्हें उतारने के लिए मानकों के अनुसार हेलीपैड तलाशना और इन्हें दुरुस्त करना प्रशासन के सामने किसी चुनौती से कम नहीं है।प्रधानमंत्री का 11 और 12 अक्तूबर को पिथौरागढ़ दौरा प्रस्तावित है। इसी बीच उनके जागेश्वर धाम पहुंचने की सुगबुगाहट है। प्रशासन ने इस पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की है लेकिन वह पीएम के दौरे की तैयारी में जुटा है। चर्चा है कि प्रशासन के पास पहले ही पीएम के जागेश्वर धाम के दर्शन का कार्यक्रम पहुंच चुका है। इसी को देखते हुए डीएम विनीत तोमर के नेतृत्व में कई विभागों की टीम शुक्रवार को शौकियाथल पहुंची और हेलीपैड का निरीक्षण किया। इसके बाद टीम निर्माणाधीन सड़क होते हुए जागेश्वर पहुंची। टीम ने गुरुड़ाबांज स्थित दोनों हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। जानकारी के मुताबिक पिथौरागढ़ दौरे के दौरान ही पीएम मोदी जागेश्वर धाम पहुंच सकते हैं। ऐसे में प्रशासन के लिए जल्द उनके हेलीकॉप्टर उतारने के लिए उपयुक्त हेलीपैड का चुनाव कर इसे दुरुस्त करना होगा। वहां एसडीएम एनएस नगन्याल, तहसीलदार बरखा जलाल, जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष नवीन चंद्र भट्ट सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। हालांकि अधिकारी पीएम के दौरे का आधिकारिक पत्र मिलने से मना कर रहे हैं तो वहीं इसकी संभावना भी जता रहे हैं। यदि प्रधानमंत्री मोदी जागेश्वर पहुंचे तो उनके हेलीकॉप्टर उतारने के लिए हेलीपैड को तलाशना निश्चित तौर पर चुनौती होगा। पीएम की फ्लीट में सेना के तीन एमआई हेलीकॉप्टर चलते हैं। सुरक्षा कारणों से पीएम के हेलीकॉप्टर उतारने के लिए हेलीपैड दूर भी नहीं बनाया जा सकता है।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# शहीद भगत सिंह की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन

सितारगंज(उद संवाददाता)। शहीदे आजम सरदार भगत सिंह के जन्मदिवस पर सिख संगत सेवा सोसायटी के लोगों ने विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सोमवार को नगर के रामलीला मैदान स्थित सभागार में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान रक्तदान दाताओं ने बढ़-चला कर इसमें भाग लिया। शहीद उधम सिंह ब्लड बैंक रुद्रपुर से आई डॉक्टरों की टीम ने रक्त 46 यूनिट रक्त संग्रहित किया। इस मौके पर डॉक्टर अभिलाषा पाण्डे, समिति अध्यक्ष बलवीर सिंह, कोषाध्यक्ष कुलविंदर सिंह औलख, सचिव मक्खन सिंह खीवा, संरक्षक सतवीर सिंह नीनू, सोप्रीत सिंह भाटिया, सुखदेव सिंह लड्डू, अंशु अरोरा, राजू सिडाना, भूपेन्द्र सिंह मटियाली, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, सभासद रवि रस्तोगी, महेश मित्तल, अभिषेक जैन, भोला जोशी, अमित जिन्दल, जमुना साहू आदि मौजूद रहे।



# मॉडर्न ट्रेंड्स इन मेडिशियनल एंड एरोमेटिक प्लांट्स पुस्तक का विमोचन

नैनीताल (उद संवाददाता)।मॉडर्न ट्रेंड्स इन मेडिशियनल एंड एरोमेटिक प्लांट्स पुस्तक का विमोचन कुलपति एस एस जे विश्वविद्यालय प्री सतपाल सिंह बिष्ट ने किया। इस अवसर पर प्रो बिष्ट ने कहा कि पुस्तक ज्ञान के साथ शोध हेतु प्रेरित करती है। पुस्तकें जीवन का आधार है तथा जीवन के सच्चे दोस्त है। मॉडर्न ट्रेंड इन मेडिसिनल एंड एरोमेटिक प्लांट्स को डी एस बी परिसर के रसायन विभाग के प्रो गीता तिवारी ,डॉक्टर पैनी जोशी तथा वनस्पति विभाग के प्रो ललित मोहन तिवारी द्वारा संपादित किया गया है । पुस्तक में 16 शोध पत्र समाहित है जिसमें केमिकल कंपोजिशन ,हिमालयन मेडिसिनल प्लांट्स



उनकी एक्टिविटी तथा उपयोग एंटीऑक्सीडेंट,एंटी क्रोबियल ,एंथेलमिंटिक एक्टिविटी ,फार्माकोलॉजिकल , बायोलॉजिकल , गुणों को शामिल किया गया है ।पुस्तक का आमुख जीबीपी यू ए टी पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति प्री मनमोहन सिंह चौहान एफ एन ए द्वारा लिखा गया है । पुस्तक में 287 पेज है तथा इंदु बुक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड न्यू दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है तथा दाम 4995रुपया है । इस अवसर पर प्रो ललित तिवारी डॉक्टर पैनी जोशी ,प्रो नीलू लोधियाल ,प्रो सुषमा टम्टा , डॉक्टर विजय कुमार ,प्रो हरीश बिष्ट , डॉक्टर उमंग सैनी डॉक्टर संतोष कुमार , डॉक्टर नवीन पांडे ,डॉक्टर हिमांशु जोशी ,डॉक्टर दीपिका पंत आदि उपस्थित रहे ।

# चीनी मिल के रिटायर कर्मियों ने गन्ना मंत्री बहुगुणा से की मुलाकात

## भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में मिला शिष्ट मण्डल

गदरपुर(उद संवाददाता)। चीनी मिल के रिटायर कर्मियों ने विगत 7 वर्षों से लंबित एरियर के भुगतान न किए जाने को लेकर पशुपालन एवं गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात की। उन्होंने पशुपालन मंत्री से एरियर के भुगतान की मांग की। जिस पर पशुपालन मंत्री बहुगुणा ने शीघ्र एरियर के भुगतान करने का आश्वासन दिया। भारतीय जनता पार्टी काशीपुर के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में चीनी मिल के रिटायर कर्मियों के एक शिष्टमंडल ने देहरादून में उत्तराखंड सरकार के पशुपालन एवं गन्ना विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने गन्ना मंत्री के समक्ष पिछले 7 वर्षों से लंबे एरियर के भुगतान ना किए जाने से आ रही समस्याओं को प्राथमिकता के साथ रखा उन्होंने मंत्री सौरभ बहुगुणा को माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों से भी अवगत कराते हुए बताया कि माननीय न्यायालय ने एरियर के भुगतान के निर्देश दिए थे लेकिन इसके बावजूद भी आज तक अते का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने सौरभ बहुगुणा के समक्ष शीघ्र एरियर के भुगतान की मांग रखी। गन्ना मंत्री ने रिटायर कार्मिको की समस्या को बड़ी ही गंभीरता के साथ सुना और शीघ्र एरियर के भुगतान को कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने पशुपालन एवं गन्ना विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मथुरेश बाजपेई, राजकुमार अरोरा, कपिल शर्मा, आत्मजीत सिंह, श्याम देव, यशपाल सिंह, रवि कुमार सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।



# दीक्षा अग्रवाल ने कांस्य पदक जीत पिता को दिया जन्मदिन का तोहफा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामलीला मोहल्ला निवासी दीक्षा अग्रवाल ने 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक रुड़की में आयोजित नैशनल डब्ल्यू डब्ल्यू एफ एफ वाईएसआई प्रो एएम योगा स्पोर्टस चौम्पियनशिप 2023 में तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीतकर अपने पिता अतुल अग्रवाल के जन्मदिन 2 अक्टूबर पर तोहफा दिया। उत्तराखंड की बेटी दीक्षा अग्रवाल इसी महीने अंतरराष्ट्रीय मंच पर थाईलैंड बैंकॉक में अपनी योगा प्रतिभा की प्रस्तुति के साथ प्रतिभाग कर प्रथम गोल्ड मेडल जीत कर देश एवं राज्य का गौरव बढ़ाया था।




# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संकल्प सप्ताह स्वास्थ्य मेला आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)। आकांक्षी जनपद एवं ब्लॉक हेतु संपूर्ण स्वास्थ्य एक संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों दिनेशपुर, मोहनपुर, गूलरभोज, सकेनिया तथा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर आदर्श नगर, श्रीरामपुर, नंदपुर, मसीत,भजपुरी, जाफरपुर, काली नगर ,विजय नगर रायपुर तथा सूरजपुर केद्रो पर संकल्प सप्ताह स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत टीकाकरण, एएनसी जांच, एनसीडी स्क्रीनिंग, आभा आईडी निर्माण, टीवी स्क्रीनिंग आदि कार्यों को किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संजीव सरना द्वारा बताया गया कि 30 सितंबर 2023 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा एक्सप्रेशनल ब्लाक कार्यक्रम को लांच किया गया है इस स्कीम के अधीन नीति आयोग एवम भारत सरकार द्वारा पांच क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाता है जैसे कि हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर एंड वॉटर रिसोर्सेस, फाइनेंशियल इंक्लूजन और हैवी एवं बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृण करने हेतु समय-समय पर हेल्थ एंड न्यूट्रिशन से संबंधित प्रोग्राम को स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेले एवम पखवाड़े के रूप मैंआयोजित किया जाता रहा है डॉक्टर सरना जी द्वारा जनसामान्य को इन कैंपों का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई।कार्यक्रम में डॉक्टर विकास सचान द्वारा एनीमिया टेस्ट एंड ट्रीट डॉक्टर कल्पना पांडे द्वारा एनसीडी स्क्रीनिंग, डॉ अंजु गिरी द्वारा एएनसी परामर्श एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजनी कुमार द्वारा उपस्थित लोगो को हेल्थ एवम हाइजीन का परामर्श दिया गया। टीवी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मुख्यालय से आई टीम द्वारा इगरा टेस्ट श्री नीरज बघेल एवं नवल किशोर द्वारा किया गया।




# धूमधाम से मनाई गांधी जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जन कल्याण एवं बाल विकास संस्थान द्वारा संचालित स्टार्ट इंस्टीट्यूट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र में माल्यार्पण कर किया गया। संस्थान के बच्चों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर बच्चे व समस्त स्टाफ उपस्थित थे।




# दर्जनों युवाओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। गुरुग्राम रोड स्थित रंजन चौधरी के आवास पर यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। इस दौरान युवाओं को एप की जानकारी भी दी गई। ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने सभा को सम्बोधित करते हुये, युवाओं से कहा कि आज के युवा बेरोजगारी और



महंगाई का दंश झेल रहे हैं,कांग्रेस पार्टी सत्ता में आते ही युवाओं की समस्या का समाधान हो जायेगा। इस मौके पर शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ,यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुमिन्दर यादव,युवा ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश रावत, विधानसभा उपाध्यक्ष सुशील गौतम ,रंजन चौधरी, नगर अध्यक्ष शक्तिफार्म सुकुमार चक्रवर्ती, भगवान पांडे, शिवा, सूर्य प्रताप सिंह, दीपुल विश्वास अमित ,गुरदेव सिंह आदि मौजूद थे।

# विद्युत चोरी में दो के खिलाफ रपट

रूद्रपुर । विद्युत विभाग की टीम द्वारा औचक निरीक्षण में दो भवनों में विद्युत चोरी के मामले पकड़े। टीम ने मौके पर केबल कब्जे में लेकर दोनों भवन स्वामियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। जानकारी के अनुसार प्रकाश चन्द्र शाह उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण, सुभाष चन्द्र शर्मा अवर अभियन्ता दानपुर, भरत पासवान लाईन कर्मी, अन्शुल मदान सहायक अभियन्ता सतर्कता, शरद चौधरी पुलिस निरीक्षक सतर्कता ईकाई कुमांउ क्षेत्र हल्द्वानी विद्युत चौकिग के दौरान सुखविन्दर सिह पुत्र अजीत सिह निवासी सिटीवन तथा श्रीमती रूपिंदर कौर पत्नी चिरमल सिंह निवासी ग्राम पंडरी जागीर, अमखेड़ा हाल निवासी सिटीवन के भावनो में विद्युत चोरी करते पाया गया। विभागीय तहरीर के आधार पुलिस ने दोनों भवनों के स्वामियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तैलिक साहू राठौर महासभा का सम्मेलन 8 को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा का चतुर्थ उत्तराखण्ड सम्मेलन आगामी 8 अक्टूबर को सिटी क्लब में प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ललित राठौर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, अति विशिष्ठ अतिथि उत्तर प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री बल्देव सिंह औलख, नगर विकास मंत्री उ.प्र. राकेश राठौर, सांसद रामदास तड़स एवं विशिष्ठ अतिथि विधायक रूद्रपुर शिव अरोरा व नवाबगंज नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता राठौर होंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष राम नारायण साहू करेंगे।

# 'सर्व प्रवाह' पत्रिका का विमोचन किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर में आयोजित वार्षिक पत्रिका 'सर्व प्रवाह' का विमोचन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री व विधायक अरविंद पांडे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालयी पत्रिका विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गतिविधियों के प्रदर्शन का सर्वश्रेष्ठ माध्यम बताते हुए निरंतर प्रकाशन पर जोर दिया जाए। विद्यालय के प्रबंधक श्री प्रेम कृष्ण द्विवेदी जी ने अपने संबोधन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के द्वारा भारत के स्वाधीनता संग्राम के दौरान किए गए योगदान पर प्रकाश डाला । पत्रिका का संपादन समाजशास्त्र प्रवक्ता डॉ०संदीप कुमार पांडे द्वारा किया गया था। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल द्विवेदी, प्रतीक द्विवेदी, राहुल द्विवेदी, राम प्रसाद मिश्र, कृष्ण कुमार उपाध्याय ,अजय शास्त्री, डॉ० दीपक गुप्ता, रोहित द्विवेदी, एवं क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुक्ता प्रसाद द्वारा किया गया।






# होली चाइल्ड स्कूल में गांधी जयंती पर किया लघु नाटिका का मचंन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व द्वितीय प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती होली चाइल्ड स्कूल में देशभक्ति की भावना से मनायी गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी व श्रीमति मंजू अधिकारी, कनिष्ठ समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर ने दोनों के चित्रों पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात् समस्त शिक्षकों व बच्चों ने पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों ने महात्मा गाँधी के जीवन पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया व शास्त्री जी के जीवन के बारे में सभी को विस्तार से बताया। इस अवसर कक्षा-12 के छात्र अंश गोयल ने देश भक्ति पर आधारित वीररस से ओतप्रोत एक प्रेरक कविता प्रस्तुत की। देश भक्ति गीत पर नृत्य की सुन्दर प्रस्तुतिकरण ने सभी को भावविभोर कर दिया। छात्रों द्वारा नुक्कड़



नाटक प्रस्तुत किया गया जिसमें सड़कों, रेलवे स्टेशनों और अपने आस-पास गंदगी न फैलाने बल्कि साफ रखने का प्रयास करते रहने का संदेश दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संदेश में आजादी के महत्व को समझाया व प्रेरक शब्दों से विद्यार्थियों का जागरूक किया। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आर के बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, एम डी श्रीमति पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, कनिष्ठ समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर एवं समस्त शिक्षकों ने शुभकामनाऐं दीं।

# गांधी जी के संदेश समाज में करते हैं समरसता और भाईचारे की भावना का संचार: वंदना

## आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर मे मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल बिलासपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई । सर्वप्रथम विद्यालय के डायरेक्टर मोहित राय ,निर्देशिका श्रीमती निधि राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । तत्पश्चात छात्रों ने गांधी जी का यात्रा वृतांत , अनेक भाषाओं में प्रार्थनाएँ तथा उनके सुविचारों संबंधित झलकियों का आयोजन किया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सुविचारों को छात्रों तक पहुँचाया। छात्रों और शिक्षकों ने राष्ट्रपिता को याद करते हुए अहिंसा का संदेश फैलाने का संकल्प भी लिया। डायरेक्टर मोहित राय ने महात्मा गांधी जी को शत-शत नमन करते हुए कहा कि उनके महान विचार वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक है और लाखों लोगों को प्रेरणा देते हैं।



उनका जीवन हम सब के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत बना रहेगा । प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा ने बच्चों को संबोधित कर कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्श और सिद्धांत सत्य, अहिंसा और प्रेम का उनका संदेश समाज में समरसता और भाईचारे की भावना का संचार करता है तथा समस्त विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है । महात्मा गांधी जी संपूर्ण मानवता के प्रेरणा स्रोत बने हुए थे अतः हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में चारों ओर सत्य, अहिंसा और प्रेम का संदेश प्रसारित करना है ।

# डीसीबी ने श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गांधी एवं शास्त्री जयंती

रूद्रपुर (उदसंवाददाता)। ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक रूद्रपुर में श्रद्धा और उत्साह के साथ गांधी एवं शास्त्री जयंती मनायी गई। बैंक



मुख्यालय में बैंक के स्थानीय डायरेक्टर दिनेश चन्द्र शुक्ल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके उपरांत श्री शुक्ला ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया एवं दोनों महापुरुषों के जीवन चरित्र एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान का विशद वर्णन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बैंक के प्रांगण एवं आसपास सफाई भी की गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में वरिष्ठ प्रबंधक/प्रभारी उपमहाप्रबंधक हरी सिंह यादव एवं कनिष्ठ शाखा प्रबंधक भगवान शरण त्रिपाठी ने भी गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन चरित्र का विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संजय कुमार शर्मा, प्रमोद मौर्य, हर्ष तिवारी, अजय कुमार सिंह,सी पी सेठी, निशांत सिंह , गोविंद सिंह, गौरव सिंह, नरेश चन्द्र, ललित चौहान , विजय कुमार वर्मा, श्रीमति सुमन देव, अमित कुमार, शुभम कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एसडीएम और पुलिस टीम को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली परिसर में प्रशासन का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में ईद मिलादुन्नबी एवं जुलूस ए मुहम्मदी को शानदार व्यवस्था से आयेजित करवाने के लिए मुस्लिम यूथ मोर्चा द्वारा किच्छा के उपजिलाधिकारी कौशतुभ मिश्र,पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा, तहसीलदार किच्छा गिरीश चंद्र त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक किच्छा कोतवाली धीरेन्द्र कुमार,एलआई यू इंचार्ज भूपाल नेगी, वरिष्ठ उप निरीक्षक



विनोद सिंह फर्त्याल,उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट, विजय कुमार, मनोज कुमार, कलकत्ता चौकी इंचार्ज दिनेश चंद्र भट्ट, महिला उप निरीक्षक बबिता टम्टा, विशेष शाखा कांस्टेबल बृजमोहन पोखरिया, जगमोहन नेगी, दीपक वोहरा, मुख्य आरक्षी नितिन रौतेला, आरक्षी भुवन गिरी, महिला आरक्षी खष्टी पाठक को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। मोर्चा के अध्यक्ष दानिश इकबाल अहमद ने कहा कि जब भी कोई त्योहार एवं उत्सव होता है तो प्रशासन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी के साथ उसको अमन और शांति के साथ करवाने की चुनौती भी होती है और जुलूस ए मोहम्मदी में लाखों की तादात में लोग होते हैं जिनके लिये सारी व्यवस्था करना बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ने अपनी पूरी टीम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया पूरी टीम बधाई की हकदार है। कार्यक्रम का संचालन जावेद मलिक जक्कू ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक खालिद इकबाल, वरिष्ठ समाजसेवी अब्दुल रशीद, जक्कू अहमद, एम रहमान अंसारी, डाक्टर जफर अंसारी, डाक्टर हारून खान, आर्शिल मलिक, तस्लीम खान, सय्यद शाहबाज मियां, मुहम्मद शोएब, इसरार खान, असद रहमान, सरताज अंसारी, मुहम्मद नाहिद, तौकीर सकलैनी, इशाकत अली मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने उत्साह के साथ मनाई गांधी और शास्त्री जयंती

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिन यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ



मनाया गया। इस अवसर पर गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष हुए कार्यक्रम में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश बाबरा,महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा,दिल्ली से आए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और ए आई सी सी के पूर्व सेक्रेटरी कृष्ण शर्मा,पूर्व सांसद प्रतिनिधि साजिद खान,महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली ,महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद,महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव सपना गिल, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष चेतन भट्ट, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, डॉ सुमित राय, निगम पार्षद रमेश कालरा, सुशील मंडल, अशफाक अहमद, मोनू निषाद, ममता शर्मा, प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव सपना गिल, बीडीसी राखी जोशी, पूर्व बीडीसी राकेश जोशी, पूनम गुप्ता,मंजू जैन, रविंद्र गुप्ता, अरविंद सक्सेना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमीर हुसैन, पूर्व पार्षद कालीचरण वाल्मीकि, नदीम खान, मधु सिकदार, अमीर हुसैन, विजय हरी, असलम जावेद,गोला, पूर्व सभासद इंद्रजीत सिंह, रामाधारी गंगवार,अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कराटे प्रतियोगिता में होली चाइल्ड की छात्रा ने जीता पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में अयोध्या, उप्र. में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में होली चाइल्ड स्कूल की छात्रा किरनदीप कौर ने जूनियर बालिका वर्ग में अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए कांस्य पदक अर्जित किया अपने विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। इससे पूर्व किरनदीप कौर ने सम्भल, उप्र में आयोजित मण्डल स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित किया था और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुइ थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे ने बताया कि यह हमारे लिए बड़ा गर्व का विषय है। कराटे के अलावा हमारे विद्यालय के छात्र व छात्राएं अन्य खेलकूद प्रतियोगिता के साथ-साथ पढ़ाई में भी अग्रसर हैं। संस्था के



संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आर के बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन), प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी, कनिष्ठ समन्वयक श्रीमति जसपाल कौर, फिजिकल एजूकेशन सुधाकर सिंह तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने कराटे कोच अशोक सिंह व विजेता छात्र व छात्राओं की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विहिप की शौर्य यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ हुआ स्वागत

गदरपुर( उद संवाददाता)।नगर के वरिष्ठ समाज सेवी चिंतन अरोरा के प्रतिष्ठान पर पुष्पवर्षा कर शौर्य यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।ज्ञात हो विहिप की शौर्य यात्रा कई जिलों से होते हुए नौ अक्तूबर को अयोध्या पहुंचेगी। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा से पहले विहिप पूरे देश में शौर्य यात्रा निकाल रही है। वही उत्तराखण्ड से भी शौर्य यात्रा श्री बद्रीनाथ धाम से 20 सितम्बर प्रारम्भ हो चुकी है। प्रखंड अध्यक्ष सन्दीप गुम्बर ने जानकारी देते हुए बताया यह शौर्य जागरण यात्रा के जरिए गांव-गांव मंदिर आंदोलन का इतिहास लोगों को बताया जा रहा है। साथ ही मंदिर निर्माण के प्रगति की भी जानकारी लोगों को दी जा रही है। उन्होंने कहा अयोध्या में प्राणप्रतिष्ठा समारोह के दौरान आनंदोत्सव मनाने की अपील की जाएगी।उन्होंने बताया विहिप की युवा शाखा बजरंग दल द्वारा न्याय पंचायत स्तर पर इन यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा के विश्राम स्थल पर राम मंदिर को लेकर हुए संघर्ष की गाथा से आम जन को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर यात्रा के दौरान लोगों को अवगत कराया जा रहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या आने की बजाय लोग अपने गांव के मंदिर पर कार्यक्रम का आयोजन करें। यहां विशेष पूजन के आयोजन के साथ दीपक जलाकर एक दूसरे से खुशियां साझा करें। प्राण प्रतिष्ठा के बाद संगठनात्मक स्तर पर हर जिले के अयोध्या आने का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। विहिप के प्रखंड अध्यक्ष सन्दीप गुम्बर ने बताया कि रामलला की प्राणप्रतिष्ठा का उत्सव हिंदू समाज के लिए सबसे बड़ा उत्सव है। इसकी जानकारी घर-घर में पहुंचाने के लिए शौर्य यात्राओं के जरिए लोगों के बीच पहुँच रहे है। जन जागरण हमेशा से हमारा उद्देश्य रहा है। यात्रा के समापन पर सभाएं भी होंगी जिसमें गो हत्या, धर्म परिवर्तन, लव जिहाद, बांग्लादेशी घुसपैठ आदि विषयों पर मंथन किया जाएगा।यहां आपको बता दे कि भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के दिशानिर्देश में भाजपा मंडल गदरपुर के बैनर तले शौर्य जागरण यात्रा का भव्य स्वागत पुष्पवर्षा कर किया गया वही विहिप के वरिष्ठतम कार्यकर्ताओ को शॉल ओढ़ाकर शौर्य यात्रा की शुभकामनाएं दी। वही शौर्य यात्रा का स्वागत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ,आनन्दमार्ट,गुलरभोज तिराहा,सकैनिया मोड़ सहित मनराज एग्रो पर भी शौर्य जागरण यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, चंकीत हुड़िया, कपिल कुमार, विनोद चुघ, परमजीत सिंह पम्मा, अनिल जेटली, सुभाष गुंबर, पंकज सेठिया, मुनी भुसरी, हरीश आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



# कांग्रेसियों ने मनाई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। मुख्य बाजार में कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्राण मण्डल के प्रतिष्ठान पर भारत के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी जी की जयंती का कार्यक्रम कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य के नेतृत्व में शास्त्री जी व गांधी जी को याद कर मनाया गया। जिसमें युवा कार्यकर्ताओ ने जय जवान जय किसान का नारा देने वाले श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की नीतियों से प्रभावित होकर लाल बहादुर शास्त्री जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित किया। उत्तम आचार्य ने बताया की लाल बहादुर शास्त्री जी



के सरल स्वभाव सौम्य विचारो से जो हमे प्रेरणा मिलती है वह हमे जीवन में सही तरीके से जीने की सीख देती है और हम सभी को अपने जीवन में अच्छे लोगों की अच्छाइयों को कभी भुलाना नहीं ,गांधी जी अहिंसा के मार्ग पर चलकर कई उपलब्धी हासिल किया। आज के युवा पीढ़ी को इनसे बहुत कुछ सीखना चाहिए। इस मौके पर शक्ति फार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष दीपक विश्वास, विधानसभा अध्यक्ष सुमिन्दर यादव, शक्ति फार्म नगर अध्यक्ष प्राण मंडल ,प्रशांत मंडल, विपुल विश्वास सुकुमार चक्रवर्ती, लक्ष्मी चौधरी,सरस्वती बाला, श्रीकांत मिस्त्री मुकेश रावत, रंजन चौधरी प्रदीप साहनी आदि मौजूद थे।

# नुक्कड़ नाटक से सफाई के लिए किया जनजागरण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपथ रोड फुलसुंगा स्थित क्रिएटिव ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता जनजागरण रैली निकाली साथ ही नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। सर्वप्रथम गांधी जयंती पर विद्यालय में गांधी जी को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने स्वच्छता को लेकर रैली निकालकर जनजागरण किया। इस दौरान बच्चों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया। नुक्कड़ नाटक में स्वच्छता को लेकर जागरूक करने के साथ ही लोगों को गीला कूड़ा और सूखा कूड़ा अलग अलग एकत्र करने के लिए भी प्रेरित किया। साथ ही बच्चों ने प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश भी दिया। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बड़े ही रोचक ढंग से प्लास्टिक के नुकसान बताये और लोगों से नो यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने का आहवान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मनीषा चंद्रा, कोर्डिनेटर पूनम गिल, अध्यापिका गीता जोशी, अर्चना त्रिपाठी, लता रोहिला, दीपा, अनुरिचा, पिंकी,नीरू, सीता कविता, निशू, संगीता आदि मौजूद रहे।



# सबसे ऊंचे तिरंगे झंडे की वर्षगांठ मनाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गांधी पार्क में सबसे ऊंचे तिरंगे के दो वर्ष पूरे होने पर वंदे मातरम ट्रस्ट ने वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। इस दौरान युवाओं ने मिष्ठान वितरित करते हुए देश भक्ति नारे लगाये। बता दें वंदेमातरम ग्रुप की मांग पर 2 अक्टूबर 2021 को गांधी पार्क में 190 फिट ऊंचे तिरंगे की स्थापना हुई थी। कल दो अक्टूबर को दो वर्ष पूरे होने पर वंदे मारतम ट्रस्ट के संस्थापक संजय कुमार की अगुवाई में ट्रस्ट से जुड़े तमाम युवा गांधी पार्क में एकत्र हुए। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन करने के साथ ही सबसे उंचे तिरंगे की वर्षगांठ भी मनाते हुए मिष्ठान वितरण किया गया और देश भक्ति नारे लगाये गये। इस दौरान विधायक शिव अरोरा भी उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देने का आहवान किया। इस अवसर पर संजय कुमार, उपेन्द्र चौधरी, गौर रक्षा दल के पंडित विराट आर्य, समेत तमाम युवा मौजूद थे।



गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682 | चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666 | पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084 | रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर: गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## पॉक्सो कानून की कसौटियां

विधि आयोग द्वारा पिछले सप्ताह सरकार को सौंपी गई रपट में यौन संबंधों के लिए सहमति उम्र के मसले पर आए सुझावों की व्यावहारिक अहमियत इस रूप में है कि आमतौर पर इसे तकनीकी प्रश्न के रूप में देखा जाता है, लेकिन संदर्भों के लिहाज से कई बार वह एक संवेदनशील स्थिति होती है। इसी तरह, आयोग ने चरणबद्ध तरीके से ई-एफआइआर का पंजीकरण शुरू करने की भी सिफारिश की है, जिसकी शुरुआत तीन साल की जेल की सजा वाले अपराधों से होगी। जहां तक पाक्सो अधिनियम का सवाल है, तो इसे बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिहाज से एक प्रगतिशील कदम के तौर पर देखा जाता है। इससे पहले बच्चों से होने वाले यौन दुर्व्यवहार के मामले में कानूनी जटिलताओं की वजह से कई बार अपराधियों को वाजिब सजा दिलाने में अड़चनें सामने आती थीं। लेकिन इस कानून के लागू होने के बाद यौन हिंसा संबंधी अपराधों से बच्चों को संरक्षण और दोषियों को सजा दिलाने के मामले में काफी प्रभावी नतीजे देखे गए हैं। हालांकि भारत में सामाजिक स्तर पर कई बार ऐसी स्थितियां देखी जाती रही हैं, जिनमें सोलह से अठारह वर्ष के किशोरों के बीच मौन स्वीकृति से बने यौन संबंधों को पाक्सो कानून के तहत अपराध के दायरे में देखा जाता है। इसलिए सहमति से यौन संबंधों की उम्र को अठारह वर्ष से कम करने की मांग भी उठती रही है। अब विधि आयोग ने सरकार को पाक्सो कानून के तहत सहमति की मौजूदा उम्र में कोई बदलाव न करने का सुझाव दिया है। साथ ही आयोग ने सोलह से अठारह वर्ष के बीच के किशोरों की परस्पर सहमति से बने संबंधों से जुड़े मामलों में सजा सुनाने के संदर्भ में निर्देशित न्यायिक विवेक का उपयोग करने की सलाह दी है। भारत में कानूनी स्तर पर तय उम्र से पहले यानी नाबालिगों के विवाह या सामाजिक जीवन से जुड़ी अन्य स्थितियों के मद्देनजर कई बार सहमति से बने यौन संबंधों को अपराध के वर्ग में रखने को लेकर सवाल उठाया जाता है। मगर इस पर विधि आयोग की चिंता वाजिब है कि अगर इस मामले में उम्र में छूट दी गई तो न केवल बाल दुर्व्यवहार और बाल विवाहों, बल्कि बाल तस्करी के खिलाफ भी लड़ाई पर इसका नकारात्मक असर पड़ेगा। गौरतलब है कि बाल तस्करी के मामलों में सजा की दर पहले ही काफी कम रही है। समाज में प्रचलित मान्यताओं या कायदों के समांतर कानूनी कसौटियों को लेकर अक्सर बहस होती रही है। कई बार यह किसी जोखिम वाले सामाजिक तबके के हक में बने कानूनों और जमीनी स्थितियों के बीच खींचतान के रूप में भी विवाद का विषय बनता है। ऐसे में जोखिम वाले तबके के रूप में बच्चों और किशोरों को चिह्नित करके उनके संरक्षण या हित में बने कानून को उसके वास्तविक संदर्भों में ही देखा जाना चाहिए। इसके अलावा, किसी वारदात के बाद पीड़ित की ओर से पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने में देरी और उसमें टालमटोल के मामले छिपे नहीं रहे हैं। इसकी वजह से कई बार अपराधियों को उचित सजा नहीं मिल पाती है। इसके मद्देनजर विधि आयोग ने चरणबद्ध तरीके से ई-एफआइआर का पंजीकरण करने की सिफारिश की है, ताकि नागरिक वास्तविक समय में अपराध की सूचना पुलिस महकमे को दे सकें। जाहिर है, विधि आयोग के ताजा सुझाव वास्तविक स्थितियों के आकलन और कानून की कसौटियों को उनकी व्यावहारिकता में देखने की जरूरत दर्शाते हैं।

## दरोगा के साथ मारपीट करते एआरटीओ का वीडियो वायरल

हरिद्वार। हरिद्वार में तैनात एआरटीओ का हाथापाई का वीडियो इनदिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में एआरटीओ एक दरोगा को बीच सड़क में पीटते हुए नजर आ रहे हैं। मामले का जिलाधिकारी ने भी संज्ञान लिया है। वीडियो में हरिद्वार में तैनात एआरटीओ रत्नाकर सिंह एक दारोगा को बेरहमी से पीटते हुए नजर आ रहे हैं। देखा जा सकता है की कई अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद हैं। जो बीच बचाव कराते दिख रहे हैं। लेकिन एआरटीओ साहब ने न आव देखा ना ताव। बीच सड़क पर ही दरोगा पर बरस पड़े। हालांकि मारपीट का क्या कारण था ये अभी पता नहीं चल पाया है। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामला सुर्खियों में आते ही हरिद्वार के जिलाधिकारी धीरज गर्ब्याल ने संज्ञान लेते हुए एडीएम को जांच करने के निर्देश दे दिए हैं।

# सनातन, एशिया और भारत

पृथ्वी के जिस भाग को आज हम एशिया कहते हैं, वह नाम ज्यादा पुराना नहीं है। भारतीयों के अतीत के इतिहास की प्रामाणिकता सिद्ध करने वाले वाल्मीकि रामायण और महाभारत में उल्लेखित है कि स्वयंभू मनु के पुत्र प्रियव्रत ने समग्र पृथ्वी को सात भागों में विभाजित कर दिया था, जिसे जम्बूद्वीप नाम दिया। इन सात भू-खंडों को जम्बूद्वीप, प्लावश, पुष्कर, क्रोंच, शक, शाल्मली तथा कुश नाम दिए। जम्बूद्वीप अन्य द्वीप के केंर्द्र में था और बड़ा भी था, इसलिए इस समूचे भू-भाग को जम्बूद्वीप कहा जाने लगा। वर्तमान में यही एशिया है। एशिया नाम इस भू-खंड को यूनानी नाविकों ने दिया। ग्रीक धातु 'असु' का अर्थ होता है 'सूर्योदय।' इन यूनानियों ने जम्बूद्वीप अर्थात बृहत्तर भारत वर्ष को पूर्व अर्थात सूर्योदय होने वाली दिशा में पाया और एशिया कहकर पुकारने लगे। संपूर्ण एशिया अनेक दृष्टियों से अपने में एक इकाई है। इसके प्राय: सभी देशों के आचार-विचार, रहन-सहन, पूजा-पद्धतियां और धर्म में बहुत कुछ समानता है। धर्म इस युग में आचरण का पर्याय था। इसका आदि स्रोत भारत और यहां से गए वे लोग हैं, जो जम्बूद्वीप में जाकर बस गए थे। यही मूल भारतीय आर्य थे, जो न केवल एशिया बल्कि यूरोप भी पहुंचे थे। उस कालखंड में यूरोप को 'हरिदेश' कहा जाता था। इन्हीं लोगों ने यहां भारतीय सभ्यता और संस्कृति के मूल्य स्थापित किए। ऐसा इसलिए भी हुआ, क्योंकि एक समय भारत की जनसंख्या बहुत अधिक बढ़ गई थी, इसलिए जो मूल भारतीय आर्य पालायन कर यहां पहुंचे थे, उन्होंने उपनिवेश स्थापित कर अपनी सत्ता भी स्थापित की। यहां बसने वाली सभी संतानें मनु-शतरूपा और ऋषि कश्यप और उनकी दो पत्नियों दिति एवं अदिति की थीं। इनमें अदिति की कोख से उत्पन्न संतानें देव कहलाईं, जबकि दिति से पैदा संतानें असुर कहलाईं। किंतु समय परिवर्तन और जलवायु की भिन्नता के चलते इन दूरांचलों में बसने वाले लोगों के वर्णों तथा शरीरजन्य कद-कांठी में बदलाव आते गए। यातायात की कमियों के चलते इन लोगों का भारत आना कम हो गया। अंतत: भारत के ये मूल निवासी उसी परिवेश की जलवायु में ढलते चले गए। रहन-सहन और वाणी में परिवर्तन आ जाने से ये प्रवासी भारतीय विदेशी माने जाने लगे। मनु के अनुसार क्रिया लोप हो जाने से ही पौण्ड्र, औण्ड्र, द्रविड, कम्बोज, यवन, शक, वल्लभ, किरात, दरद, खस आदि जातियां बन गईं। इन्हीं में से जो ज्यादा पथ-भ्रष्ट हो गए, उन्हें म्लेच्छ कहा जाने लगा। किंतु इतिहास साक्षी है कि तत्पश्चात भी इन देशों से हमारा कौटुम्बिक और सांस्कृतिक संबंध बहुत लंबे समय तक बने रहे। इसीलिए वर्तमान में हम देख रहे हैं, जहां भी पुरातात्विक उत्खनन होते हैं, वहां हिंदू, संस्कृति और सभ्यता के चिन्हों के साथ हिंदू देवी-देवताओं के मंदिरों के अवशेष भी मिल जाते हैं। अतएव हम कह सकते हैं कि जिन देशों के आज जो वर्तमान नाम हैं, उन्हीं के प्राचीन नाम संस्कृतनिष्ठ हैं। जैसे बर्मा-ब्रह्मदेश, थाईलैंड-श्यामदेश, इंडोचाइना-चंपा, कम्बोडिया-कंबुज (यह वही देश है, जहां दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर अंगोरवाट है।) मलाया-मलय, इंडोनेशिया-द्वीपों का भारत, जावा-यवद्वीप, सुमात्रा-सुवर्णद्वीप, बोर्निया-वरुणद्वीप, बाली-बाली, अफगानिस्तान-गांधार, ईरान-आर्याना, ईराक-सूमेरू, टर्की-कपादेश, अरब-औबं और सीलोन-श्रीलंका हैं। दुनिया में जहां भी सनातन संस्कृति सभ्यता और आर्यों के इतिहास के प्रमाण व जनश्रुतियां विद्यमान थीं, उन्हें वेदव्यास ने एकत्रित करके एक विस्तृत कथा का रूप देकर 'माहाभारत' जैसा बड़ा और महान ग्रंथ रच दिया। वेद व्यास ने ही ऋृग्वेद की ऋृचाओं और मंत्रों को संकलित ग्रंथ में पिरोने का काम किया था। इन दोनों ग्रंथों का ही प्रदेय है कि भारतीय संस्कृति और इतिहास उपजीव्यों के रूप में बारम्बार दुनिया की विभिन्न भाषाओं में लिखे जाते रहे, परिणामत: मूल भारतीय आर्यों की गौरव गाथा अक्षुण्ण बनी रही। इस सिलसिले में रविन्द्रनाथ ठाकुर ने अपने लेख 'भारतवर्ष में इतिहास की धारा' में लिखा है कि 'वेद व्यास ने आर्य-समाज में बिखरी हुई जनश्रुतियों को एक किया। केवल जनश्रुति ही नहीं आर्य-समाज में प्रचलित समस्त विश्वास, तर्क-विर्तक और नैतिक मूल्यों को एकत्रित करके जातीय समग्रता की एक विराट मूर्ति को स्थापित किया। इसी को उन्होंने नाम दिया 'महाभारत'। इस नाम में ही तत्कालीन आर्य जाति की ऐक्य-उपलब्धि का प्रयास विशेष रूप से प्रकाशित है। आधुनिक पाश्चात्य संज्ञा के अनुसार 'महाभारत' को हम इतिहास न कहें। यह किसी व्यक्ति विशेष द्वारा रचित इतिहास नहीं है, बल्कि यह एक जाति का स्वरचित, स्वाभाविक इति-वृत्तांत है। यदि कोई बुद्धिमान व्यक्ति इन सब जनश्रुतियों को आग में गलाकर, उन्हें संशलिष्ट करके उनमें एक तथ्यमूलक इतिहास की रचना करता तो आर्य-समाज के इतिहास का सत्य स्वरूप हम देख ही नहीं पाते। उस समय आर्य-जाति का इतिहास आर्यों के स्मृति-पटल पर जिन रेखाओं से अंकित था, उनमें से कुछ स्पष्ट थीं, कुछ लुप्त, कुछ सुसंगत थीं, तो कुछ परस्पर विरोधी। महाभारत में इन सभी की प्रतिलिपियां एकत्रित और सुरक्षित हैं। लेकिन महाभारत में केवल जनश्रुतियों का ही बिना सोचे-समझे संकलन किया गया हो, ऐसी बात नहीं है। 'अतिशी कांच' के एक ओर व्याप्त सूर्यलोक होता है और दूसरी ओर केंद्रित किरणें। इसी तरह महाभारत की एक ओर व्यापक जनश्रुति राशि है और दूसरी ओर उन सबकी ध्रुवीकृत ज्योति। यह ज्योति है 'भगवद्गीता।' ज्ञान, कर्म और भक्ति का इसमें जो योग है, वही भारतीय इतिहास का चरम तत्व है।' तय है, इसी हिंदू, संस्कृति और सभ्यता की परिणति में भारतीय राष्ट्र का रूप-वैचिय और रस-गांभीर्य मिला, जो आज भी विद्यमान हैं। भगवान राम ने इसी सांस्कृतिक एकरूपता को बनाए रखने की दृष्टि से उत्तर से दक्षिण भारत की यात्रा कर उन सब विरोधी व विधर्मी शक्तियों का खात्मा किया, जो भारत राष्ट्र को नियंत्रण में लेना चाहती थीं। इसी दृष्टि से भगवान कृष्ण ने पश्चिम से पूरब की यात्रा कर सनातन संस्कृति व धर्म के वैभव को सुदूर पूर्वोत्तर क्षेत्र तक विस्तृत किया। इसलिए हमारे राष्ट्र की अवधारणा वह नहीं है, जो पश्चिमी विद्वान हम पर थोपते रहे हैं। अतएव हम 'राष्ट्र' शब्द का अर्थ अंग्रेजी भाषा के शब्द 'नेशन' से नहीं समझ सकते? जैसे कि हम 'धर्म' शब्द को अंग्रेजी के शब्द रिलीजन से नहीं समझ पा रहे हैं। दरअसल 'राष्ट्र' शब्द संस्कृत के अलावा किसी अन्य भाषा में उस अर्थ में नहीं है, जो हमारे व्याकरण से निकले शब्द-रूप में प्रस्तुत है। 'राष्ट्र' का संधि-विग्रह 'राज' और 'त्र' का अर्थ है। 'राज' का अर्थ है प्रकाशित होना और 'त्र' का अर्थ है 'रक्षण करना'। अर्थात जो प्रकाशित हो रहा है और उसकी रक्षा भी हो रही है, वह 'राष्ट्र' है। ऋषि-मनीषियों ने इस स्वभाव वाले राष्ट्र का नाम रखा 'भारत' जो एक तरह से राष्ट्र के ही अर्थ का पर्यायवाची है। अर्थात 'भा' का अर्थ है 'प्रकाश' यानी जहां प्रकाश में यानी ज्ञान की साधना में निरंतर लगे रहने वाले लोग दुनिया में मिलते हैं, वही भारत है। 'रत' यानी 'सतत' या 'साधना' में लगे रहने वाले लोगों की जो सनातन परंपरा है, वह भारत की विलक्षणता है और यही भारत राष्ट्र है। यह भारत इसी परिभाषा के अनुरूप भारत बना रहे, इस हेतु ऐसी नीतियां आवश्यक हैं, जो इसके संस्कार में एकरूपता का संचार करती रहें। वैदिक आर्य और जनता शासकों से ऐसे नीतिगत उपाय करने की उम्मीद रखते थे, जिससे समतामूलक राज-व्यवस्था के साथ शासक न्याय और असंचयी भाव के प्रति प्रतिबद्ध बने रहें। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में इसी भाव को उल्लेखित करते हुए कहा है, 'भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य के लिए उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की 'स्वतंत्रता' बनाए रखेंगे। प्रत्येक नागरिक को प्रतिष्ठा और अवसर उपलब्ध कराने के लिए 'समतामूलक' उपाय करेंगे। व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की संप्रभुता व एकता सुनिश्चित करने की दृष्टि से 'बंधुत्व' भाव की उदारता के प्रति संकल्पित रहेंगे। दरअसल किसी भी राष्ट्र की स्वतंत्रता के उद्देश्य की पूर्ति विचार, अभिव्यक्ति, धर्म और उपासना से ही संभव होती है। विचार कल्याणकारी सोच को मस्तिष्क में उभारते हैं। अभिव्यक्ति शब्दों तथा भाव-भंगिमाओं से प्रकट होती है। विश्वास बुद्धि के तर्कों से स्थापित होता है। धर्म श्रद्धा से धारण किया जाता है और उपासना भक्तिभाव से पालन की जाने वाली क्रिया है। अर्थात सोच, भाषा, तर्क, श्रद्धा, एवं भक्ति के द्वारा राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक के व्यक्तित्व को निखारने की स्वतंत्रता संविधान हमें देता है। साथ ही संविधान ने यह भी माना है कि व्यक्ति की गरिमा इसी में है कि राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिए वह दृढ़ संकल्पित रहे। वहीं राज-व्यवस्था ऐसे नीतिगत उपाय करे, जो राष्ट्र को खंडित करने वाली मानसिकता को दंडित करने वाले हों। बावजूद विडंबना ही कहा जाएगा कि अपने तात्कालिक स्वार्थ के लिए सनातन के ही कुछ विधर्मी उस सनातन को उलाहना दे रहे हैं, जिसके सनातन सांस्कृतिक वैभव के संस्कारों में उन्हें कुछ भी बोलने की स्वतंत्रता मिली हुई है। वे जिस सनातन को खत्म करने की बात कर रहे हैं, वह नहीं जानते कि वह उसी साख को काट रहे हैं, जिस पर खड़े हैं।

**प्रमोद भार्गव, लेखक, साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

# श्राद्ध कर्म में कौओं को परोसा जाता है भोजन

## कौए को भोजन कराने से सभी तरह का पितृदोष और कालसर्प दोष दूर हो जाता है



वाल्मीकि रामायण में भी इनका कई स्थानों पर उल्लेख हुआ है। वही रामचरितमानस में पैर में प्रहार करने का वर्णन आता। जिस समय रावण के पुत्र मेघनाद से इन्द्र का युद्ध हुआ और मेघनाद ने सब ओर अंघकार फैला दिया, तब जयंत का नाना पुलोमा उसे युद्ध भूमि से उठाकर समुद्र में ले गया। एक कोए का वेश में जयंत ने मांस की इच्छा से सीता के स्तन पर भी प्रहार किया था, जिस कारण उसे श्री राम के क्रोध का सामना करना पड़ा। चित्रकूट पर्वत के वनों में विचरण करते हुए राम और सीता थककर विश्राम कर रहे थे। सीता और राम दोनों ही सो रहे थे।मांस-भक्षण की इच्छा से एक कौए ने जाकर सीता के स्तन पर प्रहार किया। सीता के स्तन से रक्त गिरने लगा।खघून के स्पर्श से राम की नींद खुली तो उन्होंने संपूर्ण घटना को जाना तथा क्रुद्ध होकर राम ने ब्रह्मास्त्र के मंत्र से आमंत्रित करके एक कुशा को धनुष से छोड़ा। वह कौए के वेश में इंद्र का पुत्र जयंत था।कौआ विविध लोकों में रक्षा की कामना से गया, किंतु कुशा ने उसका पीछा नहीं छोड़ा।अंत में वह पुन: राम की शरण में पहुँचा और राम ने उसे क्षमा कर दिया, किंतु ब्रह्मास्त्र के मंत्रों से पूत कुशा व्यर्थ नहीं जा सकती थी, अत: उसने कौए की दाहिनी आँख फोड़ दी, किंतु उसके प्राण बच गए। जयंत ने अपने कृत्य के लिए क्षमा मांगी, तब राम ने उसे यह वरदान दिया कि तुम्हें अर्पित किया गया भोजन पितरों को मिलेगा।मेघनाद और इंद्र के युद्ध में भयंकर माया का विस्तार हुआ।श्राद्ध कर्म विधि ख्र हिन्दू धर्म में पितरों की आत्मिक शांति के लिए श्राद्ध करने का रिवाज है।जब यह श्राद कार्य पूरे विधि से किया जाता है, तभी पितृ की आत्मा शांत होती है. श्राद्ध कर्म विधि में कौवे को भोजन परोसा जाता है। श्राद्ध कर्म विधि अनुसार कौवे को थाली में भोजन परोसा जाता है लेकिन यह भोजन किस उद्देश्य से परोसा जाता है, यह बात बहुत कम लोग जानते है। आइये जानते है श्राद्ध कर्म विधि में कौवे को भोजन क्यों परोसते है। पुराणों व ग्रंथो में कौवे को एक विशेष पक्षी के रूप में बताया गया है। प्राचीन ग्रंथो और महाकाव्यों में इस कौवे से जुड़ी कई रोचक कथाएँ और मान्यताएं भी लिखी हुई है. पुराणों में भी कौवों का बहुत महत्व बताया गया है. पुराणों के अनुसार कौवों की मौत कभी बिमारी से या वृद्ध होकर नहीं होती है. कौवे की मौत हमेशा आकस्मिक ही होती है और जब एक कौआ मरता है, तो उस दिन उस कौवे के साथी खाना नहीं खाते है। कौवे की खासियत है कि वह कभी भी अकेले भोजन नहीं करते है. वह हमेशा अपने साथी के संग मिल बांटकर ही भोजन करता है। इस पक्षी का श्राद्ध कर्म विधि में भी विशेष महत्व होता है. श्राद्ध में घर में बने सारे भोजन और पकवान निकाल कर एक थाली में रखकर इस कौवे को परोसे जाते है। मान्यतानुसार यह पक्षी यमराज का दूत होता है, जो श्राद्ध में आकर अन्न की थाली देखकर यम लोक जाकर हमारे पितृ को श्राद में परोसे गए भोजन की मात्रा और खाने की वस्तु को देखकर हमारे जीवन की आर्थिक स्थिति और सम्पन्नता को बतलाता है। जिसको जानकार पितृ को संतुष्टि होती है और उनकी आत्मा को शान्ति मिलती है। अपने वंशज के खानपान देखकर पितृ को वर्तमान पीढ़ी के सुखी जीवन का आभास होता है. जिसको सुनकर पितृ संतुष्ट और खुश होते है. इसलिए श्राद्ध कर्म विधि में कौवें भोजन दिया जाता है। कौए को अतिथि-आगमन का सूचक और पितरों का आश्रम स्थल माना जाता है। पुराणों की एक कथा के अनुसार इस पक्षी ने अमृत का स्वाद चख लिया था इसलिए मान्यता के अनुसार इस पक्षी की कभी स्वाभाविक मृत्यु नहीं होती। कोई बीमारी एवं वृद्धावस्था से भी इसकी मौत नहीं होती है। इसकी मृत्यु आकस्मिक रूप से ही होती है। जिस दिन किसी कौए की मृत्यु हो जाती है उस दिन उसका कोई साथी भोजन नहीं करता है। कौआ अकेले में भी भोजन कभी नहीं खाता, वह किसी साथी के साथ ही मिल-बांटकर भोजन ग्रहण करता है। कौए की योग्यता कौआ लगभग २० इंच लंबा, गहरे काले रंग का पक्षी है जिसके नर और मादा एक ही जैसे होते हैं। कौआ बगैर थके मीलों उड़ सकता है। कौए को भविष्य में घटने वाली घटनाओं का पहले से ही आभास हो जाताहै। पितरों का आश्रय स्थल श्राद्ध पक्ष में कौओं का बहुत महत्व माना गया है। इस पक्ष में कौओं को भोजन कराना अर्थात अपने पितरों को भोजन कराना माना गया है। शास्त्रों के अनुसार कोई भी क्षमतावान आत्मा कौए के शरीर में स्थित होकर विचरण कर सकती है। कौए को भोजन कराने का लाभ अश्विनी महीने के 16 दिन कौआ हर घर की छत का मेहमान बनता है। ये १६ दिन श्राद्ध पक्ष के दिन माने जाते हैं। कौए एवं पीपल को पितृ प्रतीक माना जाता है। इन दिनों कौए को खाना खिलाकर एवं पीपल को पानी पिलाकर पितरों को तृप्त किया जाता है। विष्णु पुराण में श्राद्ध पक्ष में भक्ति और विनम्रता से यथाशक्ति भोजन कराने की बात कही गई है। कौए को पितरों का प्रतीक मानकर श्राद्ध पक्ष के १६ दिनों तक भोजन कराया जाता है। माना जाता है कि कौए के रूप में हमारे पूर्वज ही भोजन करते हैं। कौए को भोजन कराने से सभी तरह का पितृ और कालसर्प दोष दूर हो जाता है।

–ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री

# पुरस्कार वितरण के साथ 31वीं पीएसी का स्थापना समारोह संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।31वीं वाहिनी पीएसी के 53 वें स्थापना दिवस पर आयोजित मेले का गत सायं पुरस्कारों की बरसात के साथ संगीत की मधुर धुन के बीच समापन किया गया। समारोह के अंतिम दिन गत सायं वाहिनी परिसर में मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वाहिनी आर्केस्ट्रा टीम द्वारा किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मधुर धुनों ने मेला परिसर के माहौल को और भी संगीतमय व मनमोहक बना दिया। जिसके उपरान्त बच्चों एवं जवानों द्वारा मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसकी सभी के द्वारा प्रशंसा की गया। अंतिम दिन मेले का मुख्य आकर्षण रहे लक्की ड्रा द्वारा विजेताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों को श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31पीएसी एवं मंजुनाथ टीसी एसएसपी द्वारा पुरूस्कृत किया गया। जिसमे प्रथम पुरस्कार स्कूटी अक्षिता देवडी ने जीती।बी इसके अतिरिक्त एलईडी टीवी दीप चन्द ने, फ्रिज पावन कुमार ने वॉशिंग मशीन शुभम सिंह ने, टैबलेट सतीश चन्द्र,एल व योगेंद्र ने, मोबाईल बबली गंगोला ने, गीजर नवीन चन्द्र ने, मिक्सर जूसर गंगा देवी ने जीता जबकि अन्य सांत्वना पुरस्कार के रूप में ट्राली बैग नरेंद्र सिंह, कार्तिक को,डिनर सैट नरेश कुमार व कल्पना को, हेयर ड्रायर प्रदीप सिंह व प्रदीप रावत को, इलैक्ट्रिक केतली-सुशील राठौर, हर्ष कफलिया व दीपक कुमार को प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, राजेन्द्र सिंह कोश्यारी, शिविरपाल मनीष शर्मा, दलनायक गोपाल सिंह बिष्ट, जहीर अहमद, राजेन्द्र सिंह नेगी, शुक्र लाल, हीरा सिंह जलाल, श्रीमती राधा थापा, सूबेदार सैन्य सहायक खुर्शीद अली, पीसी सुन्दर सिंह, गिरीश चंद्र जोशी, उमेश सोनकर, मनमोहन सिंह एवं वाहिनी के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।







## कच्चे आढ़तियों द्वारा धान की खरीद करने की मांग



गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पास करके उनके निराकरण की मांग प्रशासन से करते हुए सचिव को एक ज्ञापन दिया गया । मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर की अध्यक्षता तथा सचिव योगेश चंद तिवारी की मौजूदगी में समिति सभागार में आयोजित बैठक में भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ ने कच्चे आढ़तियों द्वारा धान की फसल तुलवाए जाने की प्रक्रिया शुरू करवाए जाने की मांग की।कच्चे आढ़तियों धान तोल नहीं किए जाने से फसल लेकर आने वाले किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने जल्द ही कांटे लगाकर धान तुलवाने की कार्रवाई आरंभ किए जाने की मांग की । वहीं उन्होंने व्यापारियों द्वारा बोली लगाकर धान की खरीद किए जाने की बात कही । मंडी समिति सचिव ने सभी मांगों के निस्तारण किए जाने हेतु आश्वासन दिया तथा कहा पुरानी अनाज मंडी में दो कांटे लगाकर धान की खरीद की जा रही है । वहीं उन्होंने नवीन मंडी का शुभारंभ आगामी 5 अक्टूबर को किए जाने हेतु सभी को अवगत कराया ।इस मौके पर वरिष्ठ विपणन अधिकारी दिनेश सिंह बिष्ट,सुभाष बेहड़,अशोक सेठी, करनैल सिंह ,मुख्तियार सिंह, सरदार सिंह, विनोद गुंबर,डॉ.अमर सिंह, सेवक सिंह,अशोक हुड़िया, रविंद्र सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे

## पूर्व विधायक शुक्ला ने अनुसूचित बस्ती में किया जनसंपर्क

किच्छा(उद संवाददाता)।बस्ती संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने वार्ड 2 आजादनगर सुनहरा अनुसूचित बस्ती में जनसंपर्क कर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए एवं उनके बारे में बस्ती वालों को बताते हुए जागरूक किया।सर्वप्रथम आजादनगर सुनहरा पहुंचने पर वार्ड सभासद राजकुमार कोली एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हीरा सरकार ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, बस्ती संपर्क अभियान प्रवासी कार्यकर्ता नेत्रपाल मौर्य एवं मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना का बस्तीवासियों के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया।आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि जनता ही हमारी ताकत है। जनता के लिए काम करना है, इसलिए जनभागीदारी से बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनके जरिए जनता को बताना है कि उनके हित के लिए काम किए जा रहे हैं। जनता के बीच जाकर बताना है कि मोदी सरकार की योजनाओं से कैसे उनकी ताकत बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा समाज के भला के लिए हमेशा काम करने की है। हमारी कोशिश अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना है। कहा कि भाजपा ने उज्ज्वला योजना और 11 करोड़ शौचालय बनाकर महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया। इसमें से 35 प्रतिशत शौचालय अनुसूचित जाति के लिए बने हैं। अन्य पार्टियों की योजनाओं में सिर्फ भ्रष्टाचार होता थाकिसानों के खाते में पैसे जा रहे हैं। 6.50 करोड़ लोगों के घरों में पानी पहुंच रहा है। इसमें भी 32 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोग हैं। पहले इंदिरा आवास योजना व अन्य के तहत देश में अधिकतम 20 लाख घर मिलते थे। अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1.70 करोड़ घर बन रहे हैं। आयुष्मान योजना सहित अन्य सभी योजनाओं का लाभ लेने वालों में 30 से 35 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोग हैं। बाबा साहब अंबेडकर से जुड़े स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में मोदी ने विकसित किया।कार्यक्रम को प्रवासी कार्यकर्ता नेत्रपाल मौर्य व मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना ने भी संबोधित किया तथा संचालन मंडल महामंत्री मुकेश कोली ने किया। इस दौरान समस्त बस्ती वासी एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।





## तीन दिन में महिला कर्मी के कमरे से दो सिलेण्डर चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों द्वारा एक महिला कर्मी के कमरे का ताला तोड़ तीन दिन में दी सिलेण्डर चोरी कर कुटे गए। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में उर्मिला देवी पत्नी उमेश हाल निवासी निकट सैन्टमैरी स्कूल गंगापुर रोड फुलसुंगा, मूल निवासी राजीव नगर बंगाली कालोनी, पश्चिमी घोड़ा नाला, लालकुआं ने कहा है कि 1 अक्तूबर को सुबह 9:30 बजे वह अपने कमरे का ताला लगाकर ड्यूटी करने के लिये गयी थी। दोपहर 1:30 बजे बच्चे स्कूल से वापस आए तो देखा कमरे का ताला टूटा हुआ है और रसोई गैस सिलेण्डर अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। उसका कहना है कि इससे पूर्व भी 29 सितंबर को सुबह अपने कमरे का ताला लगाकर काम करने के लिये गयी थी। दोपहर जब बच्चे स्कूल पढ़कर कमरे पर आए तो कमरे का ताला टूटा हुआ था कमरे से सिलेण्डर अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वन विभाग ने अवैध रेता से भरा ट्रक पकड़ा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। प्रभागीयवनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी के दिशा निर्देशन में वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान मानसून के तहत शक्तिफार्म सितारगंज मार्ग पर टीम द्वारा शक्तिफर्म से सितारगंज की ओर जा रहे एक ट्रक संख्या यूपी 25बीटी-9145 को आते देख टॉर्च लगाकर जांच हेतु रोकनें का इशारा किया गया। टीम को देखकर वाहन चालक मार्ग के किनारे वाहन खड़ा करके भाग गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में अवैध रेता लगभग 350 कुंतल लदा पाया वाहन में रेता संबंधी आवश्यक कोई भी वैध प्रपत्र मौके पर नहीं मिला। उक्त वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधनों की सहायता से एम. बी . आर ,वन परिसर किशनपुर रेंज की सुपुर्दगी में अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सुरक्षित खड़ा कर दिया गया है। टीम में देव प्रसाद आर्या, डिप्टी रेंजर निर्मल रावत, वन दरोगा सोनू कुमार, वन आरक्षी चन्दन सिंह व चालक मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**बाबाजी ने लाखों की संगत...**प्रशासन ने यातायात प्लान लागू किया हे। जिसके तहत आज किच्छा से आने वाले भारी वाहन जिन्हें काशीपुर और रामपुर की ओर जाना है उन्हें किच्छा आदित्य आदित्य चौक से नगला बाईपास तिराहा पंतनगर से दिनेशपुर मोड़ पंतनगर से सुभाष चौक दिनेशपुर से दिनेशपुर मोड़ गदरपुर से गंतव्य की ओर रवाना किया। काशीपुर रोड से आने वाले समस्त भारी वाहनों जिन्हें सिडकुल, हल्द्वानी और किच्छा की ओर जाना था उन्हें दिनेशपुर मोड़ गदरपुर से वाया सुभाष चौक दिनेशपुर से अशोका लीलेंड से पंतनगर से गंतव्य को रवाना किया गया। रामपुर की ओर से आने वाले समस्त भारी वाहनों, जिन्हें किच्छा और काशीपुर की ओर जाना है उन्हें आवश्यकतानुसार रामपुर बॉर्डर व डिबडिबा मोड़ से सोबती कांटीनेंटल से जाफरपुर, गदरपुर से अपने गंतव्य को रवाना किया गया। उधर सत्संग घर के पास बनाई गयी पार्किंग में भी बड़ी संख्या में सेवादार डटे रहे। भारी भीड़ के बावजूद सत्संग स्थल पर व्यवस्थाएं चौक चौबंद नजर आयी।

**रोडवेज बस चालक ...**तस्करों में आलम पुत्र अनीश अहमद निवासी बाग्गी थाना गंज जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश बताया उसके पास से कुल 190 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गुरदीप सिंह पुत्र बलविंदर सिंह निवासी बिसरात नगर थाना बिलासपुर जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश के पास से 175 ग्राम बरामद स्मैक तथा जीशान अली पुत्र नबी अहमद निवासी मिलंक मंडी थाना भोट जनपद रामपुर से 156 ग्राम स्मैक बरामद हुई। साथ हा उनकी दानों मोटर साईकिलों संख्या यूपी 22एवाई 8879 तथा यूपी 22 एल 1208 को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि एएनटीएफ कुमायूँ युनिट द्वारा वर्ष 2023 में अब तक 23 किलो 317 ग्राम चरस बरामद कर 4 अभियुक्तों, 5 किलो 915 ग्राम अफीम बरामद कर 3 अभियुक्तों तथा 1 किलो 131 ग्राम स्मैक बरामद कर 3 अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही की है। गिरफ्तार करने वाली एएनटीएफ कुमायूँ युनिट में उ0नि0 विपिन चन्द्र जोशी, अव. उ0नि0 जगवीर शरण, मुख्य आरक्षी संजय कुमार, मनमोहन सिंह, आरक्षी वीरेंद्र सिंह चौहान, अमरजीत सिंह, इसरार अहमद, राजेंद्र सिंह,नवीन कुमार, जितेंद्र, पुलिस टीम में एस आई विपिन जोशी, एएसआई जगवीर शरण, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, मनमोहन सिंह, वीरेंद्र चौहान, अमरजीत सिंह, इसरार अहमद, राजेंद्र सिंह, नवीन कुमार, जितेन्द्र शामिल थे।

**स्टडी वीजा बनाने...**भाई को कनाडा भेज दिया व फर्जी जीआईसी स्लीप व कालेज फीस की फर्जी स्लीप दिखाकर उक्त रूपया वसूल लिया। कुलदीप का आरोप है कनाडा कालेज मे उसके भाई का एडमीशन नही हुआ। उक्त दोनो ने मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी कर रूपया हड़प लिया। जसपाल सिंह व जितेन्द्र सिंह से पूछने पर उन्होंने धमकी दी कि तुम्हारा रूपया वापिस नही करेगे। जो कुछ करना है कर लो और यह भी धमकी दी कि यदि तुमने हमारे खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही की तो हम तुम्हे उल्टा किसी न किसी झूठे केस में फंसा देगे और जेल करा देगे तब अपना सब रूपया माँगना भूल जाओगे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बद्रीनाथ और केदारनाथ...** अर्चना कराई। इसके बाद अब वे केदारनाथ धाम दर्शन के लिए रवाना हुए। वहीं अब ऋषभ पंत भारतीय क्रिकेट टीम में जल्द वापसी करने वाले हैं। बता दें कि क्रिकेटर ऋषभ पंत 30 दिसंबर 2022 को उस समय भीषण कार दुर्घटना का शिकार हुए थे, जब वह अपनी मर्सिडीज बेंज से दिल्ली से रुड़की के ढंढेरा स्थित अपने घर लौट रहे थे। सर्दी के मौसम में सुबह पांच बजे उनकी कार नारसन कस्बे में डिवाइर से टकराकर दूसरी तरफ पलटी खाती चली गई और उसमें भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में ऋषभ पंत गंभीर रूप से घायल हुए थे।

**कलेक्ट्रेट में फंदे...**तुरंत एक टीम मौके पर पहुंची। दरवाजे को तोड़कर पुलिस अंदर पहुंची तो कमल पंखे के सहारे फांसी के फंदे से लटका हुआ था। सिडकुल थाना प्रभारी नरेश राठौड़ ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने लिखा है कि वह अपनी मौत का खुद ही जिम्मेदार है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।


### नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गदरपुर के गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 10 में क्रमांक 27 पर अहमद हसन, खुर्शीद हसन, शाहिद हुसैन, आसिफ हुसैन, जाकिर हुसैन, शाकिर हुसैन पुत्रगण स्व० हसन मौहम्मद का नाम अंकित है। जिसको पारिवारिक बंटवारे के आधार पर श्री शाकिर हुसैन पुत्र स्व0 हसन मौहम्मद निवासी वार्ड नं-10 गदरपुर के नाम से नामान्तरण होना है। जिसकी पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण करने के लिये अनुरोध किया है। जो गृहकर अभिलेखो में श्री शाकिर हुसैन पुत्र स्व0 हसन मौहम्मद निवासी वार्ड नं-10 गदरपुर के नाम से नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद- मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधम सिंह नगर )**



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रूद्रपुर की बेटी ने जीता मिस नार्थ इंडिया का खिताब

## खिताब जीतकर घर लौटी सिमरन का विधायक समेत तमाम लोगों ने किया जोरदार स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के शारदा कालोनी निवासी ओमप्रकाश चौधरी की पुत्री सिमरन चौधरी ने देहरादून में मिस नार्थ इंडिया 2023 का खिताब जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। देहरादून के अशोक स्पा एंड रिसॉर्टस में हिमालयन बज की ओर से उत्तराखण्ड कुट्योर वीक के तहत आयोजित इस मिस नार्थ इंडिया 2023 प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें मिस नार्थ इंडिया के खिताब से सिमरन चौधरी को नवाजा गया। अंजलि आर्य फर्स्ट रनर अप और दिव्या राणा सेकेंड रनर अप रही। इस दौरान निर्णायक की भूमिका में मिस नार्थ इंडिया 2021 सुहाना लेटका, मिस्टर अर्थ एंबेसडर 2017 अभिषेक कपूर रहे। मिस नॉर्थ इंडिया का खिताब जीतकर घर लौटी सिमरन चौधरी का कालोनीवासियों सहित शहर के तमाम राजनैतिक और सामाजिक लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने भी सिमरन का उनके निवास पर पहुंचकर स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि सिमरन ने अपने परिवार के साथ साथ पूरे शहर का नाम रोशन किया है। स्वागत करने वालों में ग्राम प्रधान रणधीर सिंह, ग्राम प्रधान इन्द्रपाल सिंह चौधरी, प्रमोद कुमार, राजकुमार फुटेला, शंकर बिष्ट, चन्द्रशेखर यादव, राजेश कुमार तनुजा जोशी,राघ, मनदीप वर्मा, मनोज चौधरी, नवनीत चौधरी आदि समेत तमाम लोग थे।







# नैनीताल व हरिद्वार की टीम ने जीती बास्केटबॉल प्रतियोगिता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित 7 वी उत्तराखण्ड सीनियर स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता के खेले गए फाइनल मैच में महिला वर्ग में नैनीताल की टीम ने पिथौरागढ़ को जबकि पुरुष वर्ग में हरिद्वार ने देहरादून को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक सचिव रमेश चंद्र लोहनी ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन की आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर आयुक्त नगर निगम नरेश चंद्र दुर्गापाल एवं जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन नैनीताल के अध्यक्ष एडवोकेट विपुल शर्मा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता में विजेता एवं उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार और पदक मुख्य अतिथि नरेश दुर्गापाल और मुकर्जी निर्वाण अध्यक्ष उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन एवं गिरीश कुमार जिला क्रीडाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में देहरादून एवं हरिद्वार डिस्ट्रिक्ट टीमों के मध्य एक शानदार फाइनल मैच खेला गया। जिसमें हरिद्वार डिस्ट्रिक्ट ने देहरादून की टीम को 58/82 से हराकर फाइनल की ट्रॉफी पर कब्जा किया। महिला वर्ग में प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक फाइनल मैच पिथौरागढ़ एवं नैनीताल के मध्य खेला गया जिसमें नैनीताल ने पिथौरागढ़ को 57/36 से हराकर फाइनल की ट्राफी पर कब्जा किया। इस अवसर पर बास्केटबॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष डॉ. नगेंद्र शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय राठी, जिला क्रीड़ा अधिकार गिरीश कुमार, अंकुश रौतेला, सुभाष पांडेय, विवेक मागलिक, डॉ. रुचि शाह, डॉ. राहुल चंद, सुमित बमोला,गोविन्द परिहार, नवीन मिश्रा, अरुण बुघानी, सुध ा जोशी, योगेश पांडेय, प्रगति दुमका, दिव्या गोस्वामी, इबरान आदि उपस्थित रहे।



# सड़क के खिलाफ आंदोलन को मेडिकल एसो. ने दिया समर्थन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार के नगर निगम की बदहाल सड़कों के खिलाफ बुद्ध पार्क में चल रहे धरना को मेडीकल एसोसिएशन द्वारा अपना समर्थन दिया गया। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन हल्द्वानी के अध्यक्ष गोपाल अधिकारी ने बताया हल्द्वानी शहर की अधिकांश सड़कों की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है। शहर को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।संस्था के पदाधिकारियों ने बुद्ध पार्क पहुंच कर भूख हड़ताल पर बैठे सौरभ भट्ट को समर्थन पत्र दिया। इस दौरान अध्यक्ष गोपाल अधिकारी, महामंत्री संदीप जोशी, कोषाध्यक्ष गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, पूर्व महासंघ अध्यक्ष नरेंद्र साहनी आदि थे।



गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS

DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

गुरू मां GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338